असमकी बाढ़में ... व्यक्तियोंकी प्राणहानि

दारंग और कामरूप जिलेमें गहरी क्षति

असमकी राजस्व मन्त्री द्वारा विधान सभामें विवरण

शिलांग १ जुलाई । असमके राजस्वमंत्री श्रीसिद्धनाथ शर्माने विगत दिवस राज्य विधान सभामें बताया कि गत २७ जूनको दारंग जिले गाभीरु नदीके तेज बहावमें ८ व्यक्ति बह गये, जिनमेंसे अब तक केवल ४ की लाशें खोजमें मिल ...

... स्थानोंके लिए हटाया जा चुका है कि

कामरूप जिलेमें भी बाढसे ... कर क्षति पहुंची है । ब्रह्मपुत्रके ... कर वह क्षेत्रोंकी अपार हानि हुई ... सकता शिवसागर जिलेकी दशा तो ... । गम्भीर है । वहां ५० ... गांव बाढसे प्रभावित हु ... ३००० परिवारोंको ...

देशमें शोक

... सुरक्षा समिति में ... बनाये रखने के ... को पुनः आगामी ... तक बनाये रखने ... की गयी है । हिन्दी ...

... वयोवृद्धकी राष्ट्रिय एकता को भंग ... वाली भाषा मानी जा रही ... हिन्दी साम्राज्यवाद का झूठा नारा लगा कर उत्तर दक्षिण की खाई को और चौड़ा किया जा रहा है । यह कैसी दलील है कि ? ... प्रतिशत ... जानने वाले लोगों की साम्राज्यवादी भाषा को राष्ट्रिय एकता की कड़ी समझा जा रहा है और ५० प्रतिशत जानेवाले लोगों की लोकप्रिय भाषा को राष्ट्रघातक ।

श्री नेहरू हिन्दी को सरल बनाना चाहते हैं इसीलिये कि ... जानत की भाषा बन जाय तो ... नेहरू को ईमानदारी से सत्‌ ...

... उपकरण ... करेंगे यह ... में भारी ... करनेका ... होगा ।

२०

प ...

लख ... राज निदे ... को भेजे ... आगामी ... में नया ... प्रारम्भ ... जुलाई ... जुलाईके ... की बैठकें ... सत्र ... के लि ...

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

का।
स्वर्ग
लिका
रनेपर

नगर
प्रमुख
उपे-
लेगा
यकता
नगवा
में पद
सारी
का पर

सदस्य
दि हो,
जानी

आजका खेल

आज उसी मैदान में पहला आजाद हिन्द एक्सर साइजटीम तथा वगेस्ट और दूसरा मैच रायल शिवा-लाटीम तथा हथ रर्टिंग टीम के बीच होगा।

डोमोंके दो दलोंमें झगड़ा

वाराणसी, रविवार। गत रात मणिकर्णिका घाट पर डोमोंके दो दलोंमें पैसा लेन देनेके प्रश्न पर कहा सुनीके साथ ढेलाबाजी और मारपीट तक हो गयी फलस्वरूप दोनों ओरसे कुछ व्यक्ति घायल हुए। दोनों दलकी ओरसे एक दूसरेके विरुद्ध चौक थानेमें रिपोर्ट लिखायी गयी है।

लिए गड्ढा खोदना प्रारम्भ किया इतनेमें एक व्यक्ति आया और गड्ढा खोदकर दफनानेसे मना किया। पूछनेपर उसने बताया कि यह हमारी नीजी जमीन है इसपर कोई लाश नहीं दफनायी जा सकती। इसपर जब मुसलमान नहीं माने तो वह तत्काल दशाश्वमेध थानेपर गया और रिपोर्ट लिखायी। पुलिस तत्काल वहां पहुँच कर दोनों दलके लोगोंको समझाया और कहा कि अदालतसे स्वीकृति आनेपर ही लाश दफनायी जा सकती है। पुलिसका पहरा देख दोनों दल अपने अपने वकीलोंको लेकर नगराधीशके यहां गये और वहां दोनो ओरके वकीलोंने काफी बहस किया। बहस सुननेके बाद नगराधीशने एक आर्डर दिया कि लाश वहां न दफनाकर पास ही किसी कब्रिस्तानमें दफना दी जाय।

नयी दिल्ली, १ जुलाई। किसानोंको पर्याप्त मात्रामें नियमित रूपसे बढ़िया बीज देनेके लिए केंद्रीय सरकारने एक योजना बनाई है, जिसपर तीसरी योजनाकी अवधिमें २ करोड़ ३० लाख रु० खर्च किये जायंगे। इस योजनाके अन्तर्गत बढ़िया बीज तैयार करने, उन्हें बांटने और उनकी हाट व्यवस्था करनेका काम राष्ट्रिय बीज निगमको सौंप दिया जायगा। यह निगम जल्दी ही एक कम्पनीके रूपमें रजिस्टर किया जा रहा है। राज्योंमें इस निगमकी शाखाएं होंगी। यह पहले संकर मक्का और ज्वारके बीज पैदा करनेका काम शुरू करेगा और फिर इसके बाद अन्य अनाजों तथा तेलहनोंके बीज।

—०:०—

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अथ गोपालसहस्रनाम

भाषाटीकया समलंकृतम्

❁ पार्वत्युवाच ❁

कैलासशिखरे रम्ये गौरी पृच्छति शङ्करम् ।
ब्रह्मांडाखिल नाथस्त्वं सृष्टि संहार कारकः ॥ १ ॥

अर्थ—कैलास पर्वत की एक रमणीक शिखर पर एकान्त में बैठे हुए शिवजी से श्रीपार्वतीजी ने अज्ञान की नाईं पूंछा महाराज ! आप इस सम्पूर्ण ब्रह्मांड के नाथ हैं और इस संसार के उत्पत्ति स्थिति और संहार कर्ता आप ही हैं ॥ १ ॥

त्वमेव पूज्यसे लोकैर्ब्रह्मविष्णु सुरादिभिः ।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

नित्य पठसि देवेश कस्य स्तोत्रं महेश्वर ॥ २ ॥

अर्थ—सब प्राणी चतुर्मुख ब्रह्म, मन्वंतरादि अवतार धारण करके विष्णु और इन्द्रादिक देवता आपका अर्चन वन्दन करते हैं फिर हे देवेश ! हे महेश्वर ! आप से भी परे कौनसा देव है जिसकी उपासना में तत्पर रहते हो ॥ २ ॥

आश्चर्य मिदमत्यन्तं जायते मम शङ्कर।
तत्प्राणेश महाप्राज्ञ संशयं छिंधि शङ्कर ॥ ३ ॥

अर्थ—हे कल्याणकारी शङ्कर ! इससे मुझे अत्यन्त आश्चर्य है अतएव हे महाप्राज्ञ! मेरे प्राणाधार! आप मेरे इस सन्देह को दूर करिये ॥ ३ ॥

❀ श्रीमहादेव उवाच ❀

धन्यासि कृतपुण्यासि पार्वति प्राणवल्लभे।
रहस्यातिरहस्यं च यत्पृच्छसि वरानने ॥ ४ ॥

अर्थ—महादेवजी बोले—हे हिमाचल की बेटी ! हे प्राणप्रिये ! हे शोभन-

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

गो०
३

पुत्रि! तेने यह भगवन्नाम कीर्तन स्तोत्र जो गुप्तसे भी अति गुप्त है सो पूंछा है इससे तू धन्यहै तू कृतपरोपकारा है ॥ ४ ॥

स्त्रीस्वभावान्महादेवि पुनस्त्वं परिपृच्छसि ।
गोपनीयं गोपनीयं गोपनीयं प्रयत्नतः ॥ ५ ॥

अर्थ—हे महादेवि! यद्यपि यह स्त्रियों के स्वभाव से विरुद्ध है क्योंकि नीतिशास्त्र में लिखाहै कि झूंठ साहस, माया, मूर्खता, लोभ, निर्दयता, अपवित्रता ये स्त्रियों के स्वाभाविक दोष हैं तो भी तू यत्न पूर्वक अत्यन्त गुप्त रखने योग्य जो यह मन्त्रहै इसे पूंछती है ॥ ५ ॥

दत्ते च सिद्धिहानिः स्यात्तस्माद्यत्नेन गोपयेत् ।
इदं रहस्यं परमम् पुरुषार्थ प्रदायकम् ॥ ६ ॥

अर्थ—अपने अभीष्ट पदार्थ को देना सिद्धि का हानि कारक होता है अतएव परम उत्कृष्ट पुरुषार्थ चतुष्टय का दाता यह रहस्य अत्यन्त गोपनीय है ॥ ६ ॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

धन रत्नौघमाणिक्य तुरङ्ग मगजादिकम् ।
ददाति स्मरणा देव महा मोक्ष प्रदायकम् ॥ ७ ॥

अर्थ—इस स्तोत्र के स्मरण मात्र से अन्न, वस्त्र, सुवर्ण, चांदी, रत्न, मणि, हाथी, घोड़ा, प्राप्त होते हैं और अन्तमें महामोक्ष रूपजो उत्तम पदार्थ है सो मिल जाता है । ७ ।

ततोऽहं संप्रवक्ष्यामि शृणुष्वावहिता प्रिये ।
योऽसौ निरंजनो देवश्चित्स्वरूपी जनार्दनः ॥ ८ ॥

अर्थ—हे प्रिये ! जो प्रश्न तूने किया है उसका उत्तर अच्छे प्रकार से तेरे सामने कहता हूँ जो सत् और निर्विकार स्वरूप भगवान् हैं ॥ ८ ॥

संसार सागरोत्तारकारणाय सदा नृणाम् ।
श्रीरंगादिकरूपेण त्रैलोक्यं व्याप्य तिष्ठति ॥ ९ ॥

अर्थ–जो मनुष्यों को संसार सागर से पार करने के लिए श्री रंग आदि रूप से तीनों लोकों में व्यापक हैं ॥ ९ ॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

गो०
पू

ततोलोकामहामूढा विष्णु भक्तिविवर्जिताः ।
निश्चयं नाधिगच्छन्ति पुनर्नारायणो हरिः ॥ १० ॥

अर्थ—वह महा मोह युक्त विष्णु भगवान् की भक्ति से रहित मूर्ख मनुष्य सम्पूर्ण निश्चय पदार्थ को नहीं जानते हैं ॥ १० ॥

निरंजनो निराकारो भक्तानां प्रीतिकामदः ।
वृन्दावन विहाराय गोपालं रूप मुद्वहन् ॥ ११ ॥
मुरली वादना धारी राधायौ प्रीतिमावहन् ।
अंशांशेभ्यःसमुन्मील्य पूर्णरूपकलायुतः ॥ १२ ॥

अर्थ—नारायण हरि निरञ्जन निराकार भक्ति से प्रीति करने वाले और वृन्दावन में विहार करने के हेतु गोपाल रूप धारण करने वाले मुरली वादनाधारी श्री राधिकाजी में अत्यन्त प्रीति कर्ता मत्स्य कूर्म वाराह वामनादि निज अंश और नर नारायण, धन्वंतरि, परशुराम, कपिल, ऋषभ, सनकादि, नारद, व्यासादि के रूप करके युक्त

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

षोडशकलाओं से पूर्ण ॥ ११ ॥ १२ ॥

श्रीकृष्ण चन्द्रो भगवान् नन्दगोपवरोद्यतः ।
धरिणीरूपिणीमाता यशोदानन्ददायिनी ॥ १३ ॥
द्वाभ्यां प्रयाचितो नाथो देवक्यां वसुदेवतः ।
ब्रह्मणां भ्यर्थितो देवो देवैरपि सुरेश्वरि ॥ १४ ॥

अर्थ—सबके आनन्द दाता श्री कृष्णचन्द्र षडैश्वर्य सम्पन्न भगवान् ब्रह्मा ने नन्दगोपको दिया जो वर उसके सफल करने में उद्यत धरिणी रूपिणी और अपनी पालने हारी जोयशोदा उसके आनन्द दायक भगवान की जब वसुदेव देवकी दोनों ने प्रार्थना की औरपृथ्वी के भार दूर करने को ब्रह्मा और अन्य सब देवताओं ने प्रार्थना की ॥ १३ ॥ १४ ॥

जातोऽवन्यां मुकुन्दोऽपि मुरलीवेदरेचिका ।
तयासार्द्धं वचः कृत्वा ततो जातो महीतले ॥ १५ ॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अर्थ—तब वेद के उच्चारण करने वाली वन में पैदा हुई ऐसी मुरली से प्रतिज्ञा करके "गच्छदेवव्रज भद्रे" ने पृथ्वी में अवतार लिया ॥ १५ ॥

संसार सारसर्वस्वं श्यामलं महदुज्ज्वलम् ।
एतज्ज्योतिरहं वेद्यं चिंतयामि सनातनम् ॥ १६ ॥

अर्थ—इस संसार की सार भूत और मूलरूप श्यामल और उज्वल सबसे स्तुति करने योग्य जो यह ज्योति है उसी का मैं निरन्तर ध्यान करता हूँ ॥ १६ ॥

गौर तेजो विनायस्तु श्यामतेजः समर्चयेत् ।
जपेद्वाध्यायते वापि स भवेत्पातकी शिवे ॥ १७ ॥

अर्थ—और हे शिवे ! कल्याणि, जो मनुष्य गौर तेज राधिका जी बिना श्याम तेज केवल श्रीकृष्णचन्द्र का भेद बुद्धि से अर्चन स्मरण ध्यान करते हैं सो भी पातकी होते हैं ॥ १७ ॥

स ब्रह्महा सुरापी च स्वर्णस्तेयी च पंचमः ।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

ऐतैर्दोषैर्विलिप्येत तेजो भेदान्महेश्वरि ॥ १८ ॥

अर्थ—हे महेश्वरी ! जो भेद बुद्धि से ध्यान करता है वह ब्रह्मघाती, मद्यपानकर्ता सुवर्णापहारी, गुरु स्त्री गामी और गो घातक होता है। अर्थात् ऐसे पापियोंको जो पाप लगते हैं यही सब पाप उसको भी लगते हैं जो राधा और कृष्ण में भेद समझ कर केवल कृष्ण का ही स्मरण करते हैं ॥ १८ ॥

तस्माज्ज्योतिरभूद्द्वेधा राधामाधवरूपकम् ।
तस्मादिदं महादेवि गोपालेनैव भाषितम् ॥ १९ ॥

अर्थ—अतएव श्याम गौर भेद करके दो प्रकार की राधा माधव की मूर्ति है तथापि उनको भिन्न भिन्न न जाने, भक्ति करके एक ही जाने सो हे महादेवि ! श्री गोपाल जी ने स्वयम् यह अपना रहस्य राधिकाजी से कहा है ॥ १९ ॥

दुर्वाससो मुनेर्मोहे कार्तिक्यां रासमण्डले ।
ततः पृष्टवती राधा सन्देहं भेदमात्मनः ॥ २० ॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

गो०

९

अर्थ—कार्तिक की पूर्णमासी को रासस्थल में श्रीकृष्ण के दर्शन को दुर्वासामुनि आये सो मन में विचार करने लगे कि देखो अच्युत भगवान गोपबन्धुओं के संग कैसे रमण करते हैं इस संदेह के दूर करने को राधिका जी ने संदेह निवारणार्थ प्रश्न किया ॥ २० ॥

निरञ्जनात्समुत्पन्नं मयाधीतं जगन्मयि।
श्रीकृष्णेन ततः प्रोक्तं राधायै नारदाय च ॥ २१ ॥

अर्थ—हे जगन्मयि सर्वज्ञ ! मैंने सुना है कि आप तो निरंजन ब्रह्म से उत्पन्न हुए हैं। तब श्री कृष्ण भगवान ने राधिकाजी और नारदजी से वह रहस्य कहा था सो मुझे राधिकाजी से प्राप्त हुआ ॥ २१ ॥

ततो नारदतः सर्वं विरला वैष्णवास्तथा।
कलौ जानन्ति देवेशि गोपनीयं प्रयत्नतः ॥ २२ ॥

अर्थ—तब नारद द्वारा बहुत थोड़े विष्णु भक्ति परायण जो मनुष्य हैं सो जानते हैं। अतएव हे देवेशि ! इस रहस्य को कलियुग में यत्न पूर्वक गोप्य रक्खे ॥ २२ ॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

शठाय कृपणायाथ दाम्भिकाय सुरेश्वरि ।
ब्रह्महत्यामवाप्नोति तस्माद्यत्नेनगोपयेत् ॥ २३ ॥

अर्थ—हे सुरेश्वरी ! जो पाप ब्रह्म हत्या के करने से होता है वही पाप गोपाल मन्त्र के शठ कृपण और दम्भी को देने से होता है इससे इसे यत्न पूर्वक गोप्य रक्खे ॥ २३ ॥

ॐ अस्य श्रीगोपालसहस्रनामस्तोत्रमन्त्रस्य श्रीनारद ऋषिः ॥ अनुष्टुप्छन्दः॥ श्रीगोपालो देवता॥ कामोबीजम् ॥ मायाशक्तिः ॥ चन्द्रः कीलकम् ॥ श्रीकृष्णचन्द्र भक्तिरूपफलप्राप्तये श्रीगोपालसहस्रनामस्तोत्रजपे विनियोगः ॥ अथवा ॥

ॐ ऐं क्लींबीजम् ॥ श्रीं ह्रीं शक्तिः॥ श्रीवृन्दावननिवासः

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

गो०
११

कीलकम् ॥ श्रीराधाप्रियंपरम्ब्रह्मेति मन्त्रः । धर्मादि चतुर्विधपुरुषार्थसिद्ध्यर्थे जपेविनियोगः। ॐ नारदऋषये नमः शिरसि ॥ अनुष्टुप्छन्दसे नमो मुखे ॥ श्रीगोपाल देवतायै नमो हृदये ॥ क्लां कीलकाय नमो नाभौ । ह्रीं शक्तये नमो गुह्ये॥ श्रीं कीलकायनमः पादयोः ॥ क्लीं कृष्णाय गोविंदाय गोपीजनवल्लभाय स्वाहा ॥ इतिमूलमन्त्रः ॥

ॐ क्लां अंगुष्ठाभ्यां नमः ॥ ॐ क्लीं तर्जनीभ्यां० ॐ क्लूं मध्यमा ॥ ॐ क्लैं अनामिकाभ्यां नमः० । ॐ क्लौं कनिष्ठिका०॥ ॐ क्लः करतलकर पृष्ठाभ्यांनमः ॥ ॐ क्लां

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

हृदयाय नमः० ॐ क्लीं शिरसेस्वाहा। ॐ क्लूं शिखायै व० ॐ क्लैं कवचाय हुम्॥ ॐ क्लौं नेत्रत्रयाय वौषट्॥ ॐ क्लः अस्त्राय फट्।

अथमूल मन्त्र न्यासः

क्लीं अंगुष्ठाभ्यां नमः॥ कृष्णाय तर्जनीभ्यां नमः॥ गोविंदाय मध्यमाभ्यां नमः॥ गोपीजन० अनामिकाभ्यां नमः॥ वल्लभायकनिष्ठिकाभ्यां नमः॥ स्वाहा करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः॥ इति करन्यासः॥

अथ हृदयादिन्यासः॥ क्लीं हृदयाय नमः। कृष्णाय शिरसे स्वाहा॥ गोविन्दाय शिखायै वषट्॥ गोपी-

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

जन० कवचायहुम् ॥ वल्लभायनेत्रत्रयाय वौषट् स्वाहा अस्त्रायफट । इति हृदयादिन्यासः ॥

अर्थ—इस गोपाल सहस्त्रनाम स्तोत्र रूप मन्त्र के प्रवर्तक ऋषि श्रीनारद जी हैं बत्तीस बत्तीस अक्षर के अनुष्टुप्छन्द हैं श्री गोपाल उपास्य देवता हैं कामबीज जो क्लीं यह सार भूत है मायाबीज जो ह्रीं सो शक्ति है चन्द्रबीज जो ग्लौं सो कीलक है इस प्रकार श्रीगोपालजी का ध्यान कर उनके भक्ति रूप फल की प्राप्ति के निमित्त दक्षिण हाथ में जल लेके छोड़ देवे ।

तथा ऊपर लिखे हर एक मन्त्र को उच्चारण करके अपने हाथों की अंगुलिओं तथा प्रत्येक अंग को स्पर्श करता जाय ।

❀ अथ ध्यानम् ❀

ॐ कस्तूरी तिलकं ललाट पटले वक्षःस्थले कौस्तुभं। नासाग्रे वरमौक्तिकम् करतले वेणुं करे कङ्कणम् ॥ स-

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

वाङ्गे हरिचन्दनं सुललितं कण्ठे च मुक्तावली। गोप-
स्त्री परिवेष्टितो विजयते गोपालचूड़ामणिः ॥१॥

अर्थ—श्री गोपाल चूडामणि सर्वोत्कर्ष करके वर्ते हैं कैसे हैं श्री गोपाल आपके ललाट में कस्तूरी की खौर शोभित है वक्षस्थल में कौस्तुभमणि है नासिका के अग्रभाग पर सुन्दर मोती का लोलक है हाथ में बन्शी है पहुंचे पर कंकण धारण कर रहे हैं सम्पूर्ण अंग पर हरिचन्दन लग रहा है कण्ठ में स्वच्छ मोतियों की माला पडी है गोपीजनों के मध्य में विराजमान हैं ॥ १ ॥

फुल्लेन्दीवर कान्तिमिन्दु वदनं बर्हावतंसप्रियं। श्री
वत्सांकमुदारकौस्तुभधरं पीताम्बरं सुंदरम् ॥ गोपीनां
नयनोत्पलार्चिततनुं गोगोपसंघावृतं। गोविंदं कलवेणु
वादनपरं दिव्याङ्ग भूषंभजे ॥ २ ॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

गो० १५

अर्थ—विकसित नील कमल कीसी कांति है चन्द्रमा का सा आनन्दयी मुख है मोर पंख सिर का प्रिय भूषण है हृदय में श्रीवत्स का चिन्ह है कौस्तुभमणि को धारण करें हैं स्वच्छ पीतांम्बर पहरें हैं श्री कृष्ण की देह में जो गोपियों के नयन कमल का प्रतिबिंब है सोई मानों कमलों से पूजा होती हैं गौ और गोप के समूह से घिरे हुए हैं परम दिव्य जो वेणु है उससे कामबीज "क्ल" का गान करते हैं और नाना प्रकार के दिव्य भूषण से भूषित अंग हैं ऐसे, गोविंद का मैं मन कर्म बाणी करके ध्यान करता हूँ ॥ २ ॥

❀ इति ध्यानम् ❀

ॐ क्लीं देवः कामदेवः कामबीजशिरोमणिः ।
श्रीगोपालो महीपालः सर्व वेदांतपारगः ॥ १ ॥

अर्थ—अब यहां से भगवान् की नामावली प्रारम्भ होती है । देव—जिसकी सब जगह पहुंच हो, जो क्रीडा करता हो । कामदेवः—भक्तों की इच्छा पूर्ण करने वाला तथा मदन की तरह सुन्दर है । कामबीज शिरोमणिः अर्थात् कामदेव के मुख्य

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

कारण हैं। श्रीगोपाल-जो राधा, रुक्मणि, लक्ष्मी, तथा गौओं की रक्षा करने वाले हैं। महीपालः—जो पृथ्वी का पालन पोषण करने वाले हैं। सब वेदान्त पारगः-वेद और वेदांत का तत्व जानने वाले हैं॥ १॥

कृष्णः कमलपत्राक्षः पुण्डरीकः सनातनः।
गोपतिर्भूपतिःशास्ता १० प्रहर्ता विश्वतोमुखः॥२॥

अर्थ—भक्तों का मन आकर्षण करने से अथवा रासादि क्रीडा में स्त्रियों का मन आकर्षण करने से आप 'कृष्ण' हैं। कमल के पत्र से लम्बे हैं नेत्र आपके अतएव आप 'कमलपत्राक्षः' हैं। कमल की तरह आप सुशोभित हैं इससे आप 'पुंडरीक' हैं। सदा विद्यमान रहने से आप 'सनातन' हैं। गोपवेश धारण करने से आप गौओं के रक्षक हैं इससे 'गोपतिः' हैं। पृथ्वी का भार उतार कर रक्षा करने से 'भूपतिः' हैं। महात्माओं को धर्मोपदेश तथा अधर्मियों को दण्ड देने से आप 'शास्ता' हैं। भक्तों का क्लेश नाश करने से प्रहर्ता' हैं। सम्पूर्ण देवताओं के प्रधान हैं अथवा अनन्त मुख होने से आप 'विश्वतो मुखः' हैं॥ २॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

गो०
१७

आदिकर्ता महाकर्ता महाकालः प्रतापवान्।
जगज्जीवो जगद्धाता जगद्भर्ता जगद्वसुः २०॥ ३॥

अर्थ—आदि कर्ता-ब्रह्मादिक के सिरजन हार। महाकर्ता-ब्रह्मादिक को भी प्रेरणा करने वाले। महाकालः-सबके संहार कर्ता। प्रतापवान-बड़े प्रतापी। जगज्जीव-जगत के प्राण धारक। जगद्धाता-जगत की रचना करने वाले। जगद्भर्ता-जगत का पालन पोषण करने वाले। जगद्वसुः-संसार में सर्वान्तरयामी॥ ३॥

मत्स्यो भीमः कुहूभर्ता हर्ता वाराहमूर्तिमान्।
नारायणो हृषीकेशो गोविंदो गरुडध्वजः॥ ४॥

अर्थ—मत्स्यो-मत्स्य रूप धारण करने वाले। भीमः-बड़े बलधारी। कुहूभर्ता-अमावस्या की अन्धकार मयी रात्रि के पोषक। हर्ता-पापों तथा दुखों का नाश करने वाले। वाराह मूर्तिमान्-वाराह रूप से पृथ्वी की रक्षा करने वाले, नारायणो-मनुष्य समूह को आश्रय देने वाले विष्णु भगवान। हृषीकेशो:-इन्द्रियों के नियन्ता। गोविन्दो:-गौओं

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

के रक्षक। मरुड़ध्वजः-गरुड़ की सवारी करने वाले ॥ ४ ॥

गोकुलेन्द्रो ३० महीचन्द्रः शर्वरीप्रियकारकः।
कमला मुखलोलाक्षः पुण्डरीक शुभावहः ॥ ५ ॥

अर्थ—गोकुलेन्द्रः-गो समूह के इन्द्र हैं। महीचन्द्रः-पृथ्वी को चन्द्रमा की तरह आनन्द दायक। शर्वरी प्रिय कारकः-सूर्य के ताप से तपी हुई रात्रि को चन्द्रमा की तरह ठण्डक देने वाले। कमला मुखलोलाक्षः-लक्ष्मी के मुख दर्शन को जिनके नेत्र आसक्त रहते हैं। पुण्डरीक शुभावहः-कृष्ण रूप से सम्पूर्ण शुभ फल के दाता ॥ ५ ॥

दुर्वासाः कपिलो भौमः सिंधुसागर सङ्गमः।
गोविन्दो ४० गोपतिर्गोत्रः कालिन्दीप्रेमपूरकः॥ ६ ॥

अर्थ—दुर्वासाः-संसार रूप वृक्ष के फल जिनके भोजन हैं। कपिलः-उपनिषद भाग का व्याख्यान करके श्रुति की रक्षा करने के लिये कपिल रूप से जन्म लेने

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

वाले। भौमः-अश्वत्थ रूप से भूमि के गर्भ से प्रगट होने वाले। सिन्धु सागर संगमः-गङ्गा और समुद्र के संगम में विहार करने वाले। गोविन्दोः-यज्ञ के फल भोक्ता। गोपतिः-सूर्य रूप किरणों के पति। गोत्रः-स्वामी रूप से पृथ्वी के पालक। कालिन्दी प्रेम पूरकः-जल क्रीड़ादि से यमुनाजी के प्रेम को बढाने वाले ॥ ६ ॥

गोपस्वामी गोकुलेंद्रो गोवर्धनवरप्रदः ।
नंदादिगोकुलत्राता दाता दारिद्र्य भंजनः ॥ ७ ॥

अर्थ—गोपस्वामी-ग्वालों के स्वामी। गोकुलेन्द्रः—गायों के झुण्ड के अधिपति। गोवर्द्धन वर प्रदः-गौओं का पालन करने के लिए अहीरों को वरदान देने वाले। नन्दादि गोकुल त्राता-नन्दादि गोपों तथा गौ समूह के रक्षक। दाता—सम्पूर्ण वस्तुओं के देने वाले। दारिद्र्य भञ्जनः-दरिद्रता के नाश करने वाले ॥ ७ ॥

सर्वमंगलदाता ५० च सर्वकामप्रदायकः ।
आदिकर्ता महीभर्ता सर्वसागरसिंधुजः ॥ ८ ॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अर्थ—सर्व मङ्गल दाता-सम्पूर्ण मंगल वस्तुओं के दाता हैं। सर्वकाम प्रदायकः-सम्पूर्ण अभिलाषाओं के पूर्ण करने वाले। आदि कर्ता—संसार के मुख्य कर्ता। महीभर्ता-पृथ्वी के रक्षक। सर्व सागर सिन्धुजः-सम्पूर्ण सागर और सिन्धुओं को उत्पन्न करने वाले ॥ ८ ॥

गो० २०

गजगामी गजोद्धारी कामी कामकलानिधिः।
कलङ्करहितश्चंद्रो६० बिम्बास्यो बिम्बसत्तमः ॥ ९ ॥

अर्थ—गज गामी-हाथी की सी चाल चलने वाले। गजोद्धारी-ग्राह से गज की रक्षा करने वाले। कामी-सब सुन्दर वस्तुओं के इच्छुक। काम कला निधिः-चौंसठ काम कला करके युक्त। कलंक रहितः=निष्कलंक। चन्द्रः=तारा गण में चन्द्रमा के समान। बिम्बास्यः=बिम्बा फल के समान प्रफुल्लित मुख। बिम्ब सत्तमः=बिम्बा की तरह श्रेष्ठ ॥ ९ ॥

मालाकारः कृपाकारः कोकिलास्वरभूषणः।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

गो० २१

रामो नीलाम्बरो देवो हली दुर्दमर्दनः ॥१०॥

अर्थ—मालाकारः-कृपाकारः—मालाकार में कृपा मूर्ती होने से। कोकिलास्वर भूषणः—कोकिला के स्वर के भूषण अर्थात् बसन्त ऋतु रूपी होने से। रामः—योगी जन आप में रमणा करते हैं। नीलाम्वरः—नील वस्त्र धारण करने वाले। देवः—सर्वत्र इच्छानुसार विचरने वाले। हली—हल को धारण करने वाले। दुर्दम मर्दनः—नाग्नि-जिती के स्वयम्वर में वृषभों के मारने वाले॥ १० ॥

सहस्राक्षपुरीभेत्ता ७० महामारीविनाशनः।
शिवः शिवतमो भेत्ता बलारातिप्रपूजकः ॥११॥

अर्थ—सहस्राक्ष पुरी भेत्ता—इन्द्र की पुरी को भेदन करने वाले। महामारी विनाशनः—महामारी के नाशकर्त्ता। शिवः—शांति रूप होने से। शिवतम—अति शांति स्वरूप। भेत्ता—भक्तों की विपत्ति नाश करने वाले। वलाराति प्रपूजकः—शक्ति शाली शत्रुओं को हरा कर उनसे पूजे जाने वाले॥ ११ ॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

कुमारी वरदायी च वरेण्यो मीनकेतनः ।
नरोनारायणो ८० धीरो राधापतिरुदारधीः ॥१२॥

अर्थ—कुमारी वरदायी–कन्याओं को वर देने वाले । वरेण्यो–सर्वोत्तम मीनकेतनः–ध्वजा में मत्स्य का चिन्ह होने से । नरः–विप्रादि पूजन में नम्र तथा निर्विकार । नारायणः=क्षीर सागर में निवास करने वाले । धीरः=बुद्धि देने वाले । राधा पतिः=राधारानी के प्राण प्यारे । उदारधीः=उदार बुद्धि वाले ॥ १२ ॥

श्रीपतिःश्रीनिधिःश्रीमान्मापतिःप्रतिराजहा ।
वृंदापतिः कुलग्रामी९०धामी ब्रह्मसनातनः ॥१३॥

अर्थ—श्रीपति=ःलक्ष्मीजी के पति । श्रीनिधिः=शोभा के समुद्र । श्रीमान्= शोभायमान होने से । मापतिः=सत्पुरुषों को मान देने वाले । प्रतिराजहा=अपने विपरीत राजाओं का नाश करने वाले । वृन्दापति=ःतुलसी अथवा राधिका के पति । कुलग्रामी=कूट में एकता पैदा करने वाले । धामी=सर्वत्र निवास करनी से । ब्रह्म

गो० २२

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

गो० २३

सनातन=:अविनाशी ब्रह्म ॥ १३ ॥

रेवती रमणो रामश्चञ्चलश्चारुलोचनः ।
रामायणशरीरोऽयंरामीरामः १०० श्रियःपतिः ॥१४॥

अर्थ—रेवती रमण:=रेवती के भर्ता होने से । राम:=योगीजन जिस नाम को लेकर सदा आनन्दित रहते हैं । चंचल:=कभी एक स्थान पर न स्थिर रहने वाले । चारु लोचन:=सुन्दर नेत्र वाले । रामायण शरीरोऽयं=लीला युक्त रामायण स्वरूप । रामी=सदा रमण रूप लीला करने वाले । राम:=दशरथजी के घर जन्म लेने वाले । श्रिय पति=:लक्ष्मी जी के पति होने से ॥ १४ ॥

शर्वरः शर्वरी शर्वः सर्वत्र शुभदायकः ।
राधाराधयिताऽराधीराधाचित्तप्रमोदकः ॥ १५ ॥

अर्थ—शर्वर:=प्राणियों के अशुभ को दूर करने वाले । शर्वरी=रात्रि सदृश होने से । शर्व=:सबमें व्यापक होने से । सर्वत्र शुभदायक:=सर्वत्र शुभ फल के देने

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

वाले। राधाराधयिता=नित्य प्रति आराधन किये जाने से। आराधी=आराधना करने के योग्य होने से। राधा चित्त प्रमोदकः=राधिकाजी के चित्त को प्रसन्न करने वाले ॥ १५ ॥

राधारतिसुखोपेतो११०राधामोहनतत्परः।
राधावशीकरो राधा हृदयाम्भोजषट्पदः ॥ १६ ॥

अर्थ—राधारति सुखो पेतः=राधिकाजी के संग रमण सुख करके युक्त होने से। राधा मोहन तत्परः=राधिकाजी को मोहने में तत्पर रहने से। राधावशीकरः=राधिकाजी को अपने प्रभाव से वश में करने से। राधा हृदयाम्भोज षट्पदः—राधिकाजी के हृदय कमल में भ्रमरवत् रस ग्राहक होने से ॥ १६ ॥

राधालिंगनसंमोहो राधानर्तनकौतुकः।
राधासंजातसंप्रीती राधाकामफलप्रदः ॥ १७॥

अर्थ—राधालिङ्गन संमोहः—राधिका के आलिङ्गन में हर्ष प्राप्त करने से।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

मो० २५

राधानर्तन कौतुकः—राधा के संग नृत्य रूप क्रीड़ा करने से। राधा संजात संप्रीतः—राधा में अत्यन्त प्रेम होने से। राधा काम फल प्रदः—राधा की कामनाओं को पूर्ण करने से ॥ १७ ॥

वृंदापतिःकोशनिधिःकोकशोकविनाशकः १२०
चंद्रापतिश्चंद्रपतिश्चंडकोदण्डभंजनः ॥ १८ ॥

वृन्दापतिः—वृन्दा के स्वामी होने से। कोशनिधिः—अनेक ब्रह्मांड भरे रहने से। कोक शोक विनाशकः—सूर्य रूप धारण करके चकवा चकवी के वियोग जन्य शोक को दूर करने से। चन्द्रापतिः—चन्द्रावती सखी के पति होने से। चन्द्रपतिः—चन्द्र वंशीय यदु के पति होने से। चण्ड को दण्ड भञ्जनः—रुद्र धनुष के तोड़ने से ॥१८॥

रामो दाशरथी रामो भृगुवंशसमुद्भवः।
आत्मारामोजितक्रोधमोहोमोहांधभंजनः ॥ १९ ॥

अर्थ—रामः—दाशरथिः—दशरथ के पुत्र राम रूप होकर संसार में जन्म लेने से।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

रामो भृगुवंश सद्भुद्भवः=भृगुवंश में परशुराम रूप के धारण करने से। आत्मा रामो-अपने आपे में रमण करने से। जित क्रोध—क्रोध को जीतने से। मोहः—मोह रूप होने से। मोहान्ध भञ्जनः—मोह रूप अन्धकार को नष्ट करने से॥ १९॥

वृषभानु१३२र्भवोभावीःकाश्यपिःकरुणानिधिः।
कोलाहलोहलीहालीहेलीहलधरप्रियः १४०॥२०॥

अर्थ—वृषभानुः—वृषभानु के घर राधा रूप में जन्म लेने से। भवः—भक्तों के कल्याणार्थ संसार में जन्म लेने से। भावी—कर्म फल की भावना कराने से। काश्यपिः—कश्यप के पुत्र होने से। करुणानिधिः—दया के भण्डार होने से। कोलाहलः—मेघ रूप होने से। हली—हल धारण करने से। हाली—हल द्वारा यवादिक उत्पन्न करने से। हेली—खेती उत्पन्न करने से। हलधर प्रियः—हलधर के प्रिय लघु भ्राता होने से॥२०॥

राधामुखाब्जमार्तंडोभास्करोरविजोविधुः।
विधिर्विधाता वरुणो वारुणो वारुणीप्रियः॥ २१॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अर्थ—राधा मुखाब्ज मार्तण्डः—राधा के मुख कमल को सूर्य रूप हैं। भास्करः=लोक के प्रकाश कर्ता हैं। रविजो विधुः—जो चन्द्रमा रुप वनकर सूर्य से प्रकाश लेकर रात्रिका अन्धकार नष्ट करते हैं। विधिः—जगत का विधान करते हैं। विधाताः—संसार के रचियता हैं। वरुणः—वरुण रूप से वृष्टि करते हैं। वारुणः—वरुण के भृगुरूप पुत्र हैं। वारुणी प्रियः=वरुण कन्या के प्रिय हैं॥ २१॥

रोहिणीहृदयानंदी १५० वसुदेवात्मजो बली।
नीलाम्बरो रौहिणेयो जरासंधवधोऽमलः॥ २२॥

अर्थ—रोहिणी हृदया नन्दः=रोहिणी के हृदय को प्रसन्न करते हैं। वसुदेवात्मजः=वसुदेव के पुत्र हैं। बली=प्रवल पराक्रमी हैं। नीलाम्बरः=नीले वस्त्र धारण करते हैं। रौहिणेयः=रोहिणी के पुत्र हैं। जरासन्धवधः=जरासन्ध का वध किया था। अमलः=सदा पवित्र हैं॥ २२॥

नागोनवाम्भो विरुद्दो वीरहा १६० वरदोबली।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

गोपथोविजयीविद्वान् शिपिविष्टः सनातनः ॥ २३ ॥

अर्थ—नागः=शेष रूप में पृथ्वी को धारण करते हैं। नभाम्भः=वरुण रूप होकर हरसाल जथा जल बर्साते हैं। विरुद्ः=बहिर्मुख प्राणियों को रोदन कराते हैं। वीरहा= क्रोधित होने पर महाबलवान शत्रु को भी मार सकते हैं। वरदः=इच्छित वरदान देते हैं। बली=बला जो लक्ष्मी सो आपकी ही है। गोपथः=आपकी प्राप्ति का मार्ग ज्ञान है। विजयी—सर्वत्र शत्रुओं पर जय पाते हैं। विद्वान्=सर्वज्ञ हैं। शिपिविष्टः- पशुपति रूप से संसार के कल्याण कर्ता हैं। सनातनः=सनातन ऋषिरूप हैं ॥ २३ ॥

परशुरामवचोग्राही वरग्राही शृगालहा १७० ।

दमघोषोपदेष्टा च रथग्राही सुदर्शनः ॥ २४ ॥

अर्थ—परशुराम वचोग्राही=रामावतार में परशुराम की बात मानी थी। वरग्राही- मधुकैटभादिक से वर प्राप्त किया था। शृगालहा=मिथ्या वसुदेव का वध किया था। दमघोषोपदेष्टा=शिशुपाल को मार कर उसके पिता दमघोष को उपदेश दिया था।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

रथग्राही-अर्जुन के सारथी थे। सुदर्शनः-आपका दर्शन अति सुन्दर है ॥ २४ ॥

वीरपत्नी यशस्त्राता जराव्याधिविघातकः ।
द्वारकावासतत्त्वज्ञो हुताशनवरप्रदः ॥ २५ ॥

अर्थ—वीर पत्नी-जिनकी स्त्रियां भी वीर हैं। यशस्त्राता=अपनी कीर्ति की रक्षा करने वाले हैं। जराव्याधि विघातकः-बुढ़ापे के कष्ट को नाश करने वाले हैं। द्वारका वासतत्वज्ञः-द्वारिका बास के गूढ़ से गूढ़ तत्वों को जानते हैं। हुताशन वरप्रदः-अग्नि को वरदान देने वाले हैं ॥ २५ ॥

यमुनावेगसंहारी नीलाम्बरधरः प्रभुः १८० ।
विभुःशरासनो धन्वीगणेशोगणनायकः ॥ २६ ॥

अर्थ—यमुनावेग संहारी—बलभद्र रूप धारण करके यमुना के प्रवाह को रोका था। नीलांवर धरः-नीलाम्बर धारण करते हैं। प्रभुः=समस्त संसार के स्वामी हैं। विभुः-भक्तों को अभीष्ट फल देते हैं। शराशनः=जो धनुष धारण करने वाले हैं। धन्वी-

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

धनुर्विद्या के पण्डित हैं। गणेशः-गौ और गोपियों के पालक हैं। गणनायकः-गौ और गोपियों के नियन्ता हैं ॥ २६ ॥

लक्ष्मणो लक्षणो लक्ष्यो रक्षोवंशविनाशनः ।
वामनो १९० वामनीभूतो वमनो वमनारुहः ॥२७॥

अर्थ—लक्ष्मणः-सबके जानने वाले हैं, लक्षणः=शुभ लक्षण सम्पन्न हैं। लक्ष्यः-सब भक्तों को दर्शनीय हैं। रक्षोवन्शविनाशनः-राक्षसों के वंश का नाश करने वाले हैं। वामनः-वामन रूप हैं। वामनी भूतः-अपने बृहत रूप का छोटा रूप किया था। अवामनः=आपका देह बृहत हैं ॥ २७ ॥

यशोदानन्दनः कर्त्ता यमलार्जुनमुक्तिदः ।
उलूखली महामानी दामबद्धाह्वयी शमी २०० ॥२८॥

अर्थ—यशोदानन्दनः-पुत्र रूप होकर यशोदा को प्रसन्न करते हैं। कर्त्ताः-संसार के

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

ओखली में अपनी इच्छा से बंध गये थे। महामानी-आपका अतिशय सम्मान है, दामवद्धान्हयी-यशोदाने रस्सी से बांध दिया था। शमी-पूर्ण शांति स्वरूप हैं ॥२८॥

भक्तानुकारी भगवान् केशवोऽचलधारकः ।
केशिहा मधुहा मोही वृषासुरविघातकः ॥ २९ ॥

अर्थ—भक्तानुकारी-भक्तों को अङ्गीकार करते हैं। भगवान्-षड्गुणों करके युक्त हैं। केशवः-ब्रह्माण्ड के ईश्वर हैं। अचल धारकः-गोवर्द्धन पर्वत धारण कियाथा। केशिहा-केशी दानव के संहार कर्ता हैं। मधुहा-मधुनामक दैत्य के नाश करने वाले हैं। मोही-भक्तों में मोह रखते हैं। वृषा सुर विघातकः-वृषासुर को वध किया था ॥

अघासुरविनाशी च पूतनामोक्षदायकः २१० ।
कुब्जाविनोदी भगवान् कंसमृत्युर्महामखी ॥ ३० ॥

अर्थ—अघासुर विनाशी-अघासुर का नाश किया था। पूतना मोक्षदायकः= पूतना को मोक्ष दान दियाथा। कुब्जा विनोदी-कुब्जा को आनन्दित किया था।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

भगवान्=अनन्त संपत्ति शाली हैं। कंसमृत्युः—कंस के वधकर्ता होने से। महामखी=अनेक बड़े बड़े यज्ञ करने से ॥ ३० ॥

अश्वमेधो वाजपेयो गोमेधो नरमेधवान्।
कंदर्पकोटिलावण्यश्चंद्रकोटिसुशीतलः २२० ॥

अर्थ—अश्वमेध=प्रजापति रूप होने से। वाजपेय=बृहस्पति रूप होने से। गोमेधोः—इन्द्रियों का निग्रह करने से। नरमेधवान्—नरमेध रूप होने से। कन्दर्पकोटिलावण्यः—करोड़ों कामदेव की सुन्दरता धारण करने से। चन्द्रकोटि सुशीतलः करोड़ों चन्द्रमा की तरह शीतल होने से ॥ ३१ ॥

रविकोटिप्रतीकाशो वायुकोटिमहाबलः।
ब्रह्मा ब्रह्माण्डकर्ता च कमलावाञ्छितप्रदः ॥ ३२ ॥

अर्थ—रवि कोटि प्रतीकाशः—सौ करोड़ सूर्यवत प्रकाशवान् होने से। वायु कोटि महबलः—करोड़ों वायु के सदृश पराक्रम रखने से। ब्रह्मा—प्रजा को बढ़ाने से। ब्रह्मांड

गो० ३२

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

गो० कर्ता=ब्रह्माण्डों के कर्ता होने से। कमला वाञ्छित प्रदः-लक्ष्मी को वाञ्छित फल देने वाले हैं ॥ ३२ ॥

३३

कमली कमलाक्षश्च कमलामुखलोलुपः ।
कमलाव्रतधारीचकमलाभः२३०पुरन्दरः ॥ ३३ ॥

अर्थ—कमली-वक्षस्थल में लक्ष्मी का चिन्ह होने से। कमलाक्षः—कमलवत् ताप दूर करने वाली आंख हैं। कमला मुख लोलुपः-लक्ष्मी के सुन्दर मुख पर मोहित होने से। कमला व्रतधारी–केवल एक लक्ष्मी का ही व्रत धारण करने से। कमलाभः—कमल की तरह सुन्दर हैं। पुरन्दरः—असुरों के पुर का विध्वंस करने से। ३३।

सौभाग्याधिकचित्तोऽयं महामायीमहोत्कटः ।
तारकारिःसुरत्राता मारीचक्षोभकारकः ॥ ३४ ॥

अर्थ—सौभाग्यादिक चित्तः—जिन का मन सदैव उन्नति में लगा रहता है। महामायी महोत्कटः—बड़ेही मायावी हैं। तारकारिः—तारक नामक राक्षस के शत्रु होने

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

से। सुरत्राता—देवताओं के रक्षक हैं। मारीच क्षोभकारकः—मारीच राक्षस को अपने बाण से सौयोजन पर फेंक कर उसे लज्जित किया था ॥ ३४ ॥

गो० ३४

विश्वामित्रप्रियोदांतोरामोर२४०राजीवलोचनः ।
लंकाधिपकुलध्वंसी विभीषणवरप्रदः ॥ ३५ ॥

अर्थ—विश्वामित्र प्रियः—विश्वामित्र ऋषि को अत्यन्त प्यारे होने से। दांतः—जितेन्द्रिय होने से। रामः—प्रलय काल में विश्व को अपनी कुक्षि में समेट लेने से। राजीवलोचनः—कमलवत् नेत्र होने से। लंकाधिप कुलध्वंसी-रावण के कुल का संहार करने से। विभीषण वरप्रदः—विभीषण को वरदान देने से ॥ ३५ ॥

सीतानन्दकरो रामो वीरो वारिधिबन्धनः ।
खरदूषणसंहारी साकेतपुरवासनः ॥ ३६ ॥

अर्थ—सीतानन्द करः—जानकी के आनन्द दाता होने से। रामः—रमणादिक दिव्य रूप धारण करने से। वीरः—एक सराहनीय योद्धा हैं। वारिधि बन्धनः—समुद्र

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

पर पत्थर का पुल बनाने से। खरदूषण संहारी—खरदूषण का संहार करने से। साकेत पुरवासनः—साकेत पुर में निवास स्थान है ॥ ३६ ॥

चन्द्रावलीपतिः २५०कूलःकेशिकंसवधोऽमरः।
माधवोमधुहामाध्वीमाध्वीकोमाधवीविभुः॥ ३७ ॥

अर्थ—चन्द्रावली पतिः—चन्द्रावली सखी के पति होने से। कूलः—यमुना तट आपका क्रीडा स्थान है। केशि कंस वधः—केशी और कंस राक्षसों का विनाश किया था। अमरः—कभी मृत्यु न होने से। माधवः—लक्ष्मी के पति हैं। मधुहा—श्री राधा मुख पद्म मकरंद को प्राप्त करने से। माध्वीः—अत्यन्त रसिक होने से। माध्वीकः—वंशी द्वारा मधुर गान करने से। माधवी विभुः—बसन्त लता में व्यापक होने से ॥३७॥

मुंजाटवीगाहमानो धेनुकारि२६०र्धरात्मजः।
वंशीवटविहारी च गोवर्द्धनवनाश्रयः ॥ ३८ ॥

अर्थ—मुंजाट वीगाह मानः—मुंज के जङ्गलों में घूमने वाले हैं। धेनुकारिः-

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

धेनुक को मारने से। धरात्मजः-यशोदा के पुत्र होने से। वन्शीवट विहारी-वन्शीवट पर विहार करने से। गोवर्द्धन वनाश्रयः—गौ चारण के हेतु गोवर्द्धन के वन में विचरने से ॥ ३८ ॥

गो० ३६

तथा तालवनोद्देशी भाण्डीरवनशंखहा।
तृणावर्तकथाकारी वृषभानुसुतापतिः ॥ ३९ ॥

अर्थ—ताल वनोद्देशी—तालवन में घूमने से। भांडीर वन शंखहा—काली नाग को निकाल कर आपने भांडीरवन निशंक किया था। तृणावर्त कथाकारी—तृणावर्त का नाश कर संसार में केवल उसका नाम जीवित रक्खा था। वृषभानुसुतापतिः—वृषभानु की कन्या राधिका के पति होने से ॥ ३९ ॥

राधाप्राणसमो राधा वदनाब्जमधुव्रतः।
गोपीरंजनदैवज्ञो २७० लीलाकमलपूजितः॥ ४० ॥

अर्थ—राधा प्राणसमः—राधा को प्राणवत प्रिय होने से। राधा वदनाब्ज मधुव्रतः—राधा के कमल रूपी मुख पर भ्रमर के सदृश आसक्त होने से। गोपी रंजन

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

दैवज्ञः—सम्पूर्ण शृङ्गार से युक्त होकर गोपियों को प्रसन्न करने से। लीला कमल पूजितः—राधिकाजी ने कमलों से आपकी पूजा की थी॥ ४०॥

क्रीड़ाकमलसन्दोहो गोपिकाप्रीतिरंजनः।
रंजको रंजनो रंगो रंगी रंग महीरुहः॥ ४१॥

अर्थ—क्रीड़ा कमल सन्दोहः—आपने क्रीड़ा के लिये कमल इकट्ठे किये थे। गोपिका प्रीति रंजनः—गोपियों को अपने प्रेम से प्रसन्न करने वाले। रंजकः=सारे संसार का रंज दूर करने वाले। रंजनः=अपने राग करके भक्तों के मन रङ्गाने से। रंगः=भक्तों के मन आप में रंग जाते हैं। रंगी=आप अनेक प्रभावों करके युक्त हैं। रंग महीरुहः=रंग भूमि में आपने चाणूरादि मल्ल पछाड़े थे॥ ४१॥

कामः २८० कामारिभक्तोऽयं पुराणपुरुषः कविः।
नारदो देवलो भीमो बालो बालमुखाम्बुजः॥ ४२॥

अर्थ—कामः=शील सौन्दर्य गुणों करके अति कमनीय होने से। कामारि

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

भक्तः=शिवजी आपके भक्त हैं। पुराण पुरुषः=आदि पुरुष हैं। कविः=कविता करने से। नारदः=नारद रूप से संसार में विचरण करने से। देवलः=देवताओं को भी अपनाने से। भीमः=असुरों को डराने से। बालः=शिशुरूप से बट के पत्तों पर शयन करने से। बाल मुखाम्बुजः=लक्ष्मी के मुख कमल को प्रसन्न करने के हेतु आप प्रातःकाल के सूर्य हैं॥ ४२॥

अम्बुजोब्रह्मसाक्षी२६०च योगीदत्तवरोमुनिः।
ऋषभः पर्वतो ग्रामो नदी पवनवल्लभः॥ ४३॥

अर्थ—अम्बुजः=कच्छप मत्स्य अवतार धारण कर जल में रहने से। ब्रह्म-आप केवल वेद से जाने जाते हैं। साक्षी=विश्व के साक्षात् द्रष्टा होने से। योगी=सर्वत्र उदासीन भी हो तथा भक्तों से योग भी करते हो। दत्तवरः=भक्तों को वर देने वाले हो। मुनिः=इन्द्रियों को अपने वश में रखने वाले हो। ऋषभः=श्रेष्ठ होने से। पर्वतः=गोवर्द्धन रूप अथवा मेरु होने से। ग्राम-यूथ रूप में संसार में विद्यमान रहने से। नदीपवन वल्लभः=नदी तथा वायु प्यारे होने से॥ ४३॥

गो०
२८

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

पद्मनाभःसुरज्येष्ठोब्रह्मा२००रुद्रोऽहिभूषितः ।
गणानांत्राणकर्ता च गणेशो ग्रहिलोग्रही ॥ ४४ ॥

अर्थ—पद्मनाभः=आपकी नाभि में पद्म है । सुरज्येष्ठो-देवताओं के आप अग्रगण्य हैं । ब्रह्मा=विश्व के उत्पन्न करने वाले हैं । रुद्रः=संहार समय में प्रजा को रोदन कराते हैं । अहिभूषितः=काली आपके चरण चिन्ह से शोभित है । गणानांत्राण कर्ता-गौ और गोपी ग्वालों के रक्षा करने वाले हैं । गणेशः=गौ गोपियों के ईश्वर हैं । ग्रहिलः=सूर्यादिक ग्रह नियम पूर्वक आप में निवास करते हैं । ग्रही=भक्तों की अर्पण की हुई वस्तु को प्रसन्नता पूर्वक ग्रहण करते हैं ॥ ४४ ॥

गणाश्रयो गणाध्यक्षःक्रोडीकृतजगत्त्रयः ।
यादवेन्द्रो२१०द्वारकेन्द्रोमथुरावल्लभोधुरी ॥ ४५ ॥

अर्थ—गणाश्रयः=देवगण के आश्रित भूत होने से । गणाध्यक्षः देवगण के स्वामी होने से । क्रोडी कृत जगत्त्रयः=त्रिलोकी आपकी अनुगामी हैं । यादवेन्द्रः=

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

यादवों के पूज्य होने से। द्वारकेन्द्रः=द्वारिकानाथ होने से। मथुरा वल्लभः=आपको अपनी जन्म भूमि मथुरा बहुत प्यारी है। धुरी-सम्पूर्ण जगत की रक्षा के निमित्त भार उठाया है ॥ ४५ ॥

गो०

४०

भ्रमरः कुन्तली कुन्तीसुतरक्षी महामखी।
यमुनावरदाता च काश्यपस्य वरप्रदः ॥ ४६ ॥

अर्थ—भ्रमरः=नृत्य करते हुए आप गान करते हैं। कुन्तली-प्रशस्त केश धारण करने से। कुन्ती सुत रक्षी-कुन्ती के बेटे युधिष्ठिरादि की आपने रक्षा की। महामखी-आप यज्ञों की पूजा ग्रहण करते हैं। यमुना वरदाता-यमुनाजी को वर देने से। काश्यपस्य वरप्रदः-पूर्व जन्म में कश्यप को सुतप नाम वर देने से ॥ ४६ ॥

शंखचूड़वधोद्दामो २२०गोपीरक्षणतत्परः।
पाञ्चजन्यकरो रामी त्रिरामी वनजो जयः ॥ ४७ ॥

अर्थ—शंखचूड़ वधः=शंखचूड़ राक्षस का वध करने से। दामः-उदर में दाम

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

नो०

४१

धारण करने से। गोपी रक्षण तत्पर:-गोपियों की रक्षा के निमित्त सदैव कटिबद्ध रहने से। पांच जन्यकर:-पांच जन्य शङ्ख आपके हाथ में है। रामी-सर्वान्तर्यामी होने से। त्रिरामी-मथुरा, वृन्दावन, गोकुल तीनों स्थानों में रमण करने से। वनजः-वन से उत्पत्ति होने से। जयः-सबको जीतने वाले हैं॥ ४७॥

फाल्गुन:फाल्गुनसखो विराधवधकारकः।
रुक्मिणीप्राणनाथश्च३३०सत्यभामाप्रियङ्करः।४८।

अर्थ—फाल्गुनः-अर्जुन रूप होने से। फाल्गुन सखः-फाल्गुन जो अर्जुन उसके सखा हैं। विराधवध कारकः-विराध को मारने वाले हैं। रुक्मणी प्राण नाथः-रुक्मणी के प्राणप्रिय पति हैं। सत्यभामा प्रियङ्करः-सत्य भामा के प्रिय कार्य पूर्ण करने से॥ ४८॥

कल्पवृक्षो महावृक्षो दानवृक्षो महाफलः।
अंकुशोभूसुरोभामोभामकोभ्रामको३४०हरिः।४९।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अर्थ—कल्पवृक्षः-भक्तों की सम्पूर्ण अभिलाषाएं पूर्ण करने से। महावृक्षः-संसार के सबसे बड़े वृक्ष रूप होने से। दानवृक्षः-वृक्षवत् फल दाता होने से। महाफलः-संसारी जीवों को मोक्ष रूप महाफल देने से। अंकुशः-वज्रांकुश आपका चिन्ह होने से। भूसुरः-पृथ्वी के देवता हैं। भामः=सब के उत्पन्न कर्ता होने से। भामकः=वहिर्मुख जीवों को नाना योनि में भ्रमण कराने से। भ्रामकः-अपनी माया से सारे संसार को नाच नचाते हैं। हरिः-भक्तों का मन तथा पाप को हरने वाले हो ॥४९॥

सरलःशाश्वतो वीरो यदुवंशी शिवात्मकः।
प्रद्युम्नोबलकर्ता च प्रहर्तादैत्यहा३५०प्रभु ॥५०॥

अर्थ—सरलः=सरल भाव होने से। शाश्वतः=आप निरन्तर विद्यमान हैं। वीरः=सब में व्याप्त होने से। यदुवंशी-यदुवंश में पैदा होने से। शिवात्मकः-आपकी आत्मा कल्याण रूप है। प्रद्युम्नः-अत्यन्त प्रकाशमान होने से। बलकर्ता-गोवर्द्धन उठाने में बल किया था। प्रहर्ता-ध्यान करने वाले के क्लेश को हरने से। दैत्यहा-दैत्य को मारने से। प्रभुः-सब के स्वामी होने से ॥ ५०॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

महाधनो महावीरो वनमालाविभूषणः ।
तुलसीदामशोभाढ्यो जालन्धरविनाशनः॥ ५१ ॥

अर्थ—महाधनः=महान् विभूति होने से / महावीरः=बड़े पराक्रमी होने से । वनमाला विभूषणः=वन माला ही से जिनकी शोभा हैं । तुलसी दाम शोभाढ्यः=तुलसी की माला जिनको अत्यन्त शोभा देती है। जालंधर विनाशनः—जालन्धर के नाश कर्ता होने से ॥५१॥

शूरःसूर्योमृकण्डश्च भास्करो३६०विश्वपूजितः ।
रविस्तमोहा वह्निश्च वाडवो वडवानलः ॥ ५२ ॥

अर्थ—शूरः=पराक्रमी होने से। सूर्यः सूर्यवत् प्रकाशित होने से। मृकण्डः भास्करः-संसार को प्रकाशित करने से। विश्व पूजितः-सारा संसार आपको पूजता है। रविः तमोहा=अज्ञानांधकार को दूर करने को सूर्य रूप हैं। वह्नि-भक्तों के मोक्ष दाता होने से। वाडवः-विप्र रूप होने से। वडवानलः-अग्नि रूप होने से ॥ ५२ ॥

दैत्यदर्पविनाशी च गरुडो गरुडध्वजः ।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

गोपीनाथो३७०महीनाथोवृन्दानाथोऽवरोधकः ५३

अर्थ—दैत्य दर्प विनाशी-दैत्यों का घमण्ड नाश करने वाले हैं। गरुडः—स्वयम् गरुड़ भी हैं। गरुड़ाग्रजः-भ्राता रूप से गरुड़ के अग्रज हैं। गोपीनाथः-गोपियों के स्वामी हैं। महीनाथः-पृथ्वी के स्वामी हैं। वृन्दानाथः-वृन्दा के स्वामी हैं। अवरोधकः-भक्तों के कष्टों का नाश करते हैं॥ ५३॥

प्रपंची पंचरूपश्च लतागुल्मश्च गोपतिः।
गङ्गाचयमुनारूपो३८०गोदावेत्रवती तथा॥५४॥

अर्थ—प्रपञ्ची-जगत के विस्तार कर्ता हैं। पञ्चरूपः-पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश इनमें आपके रूप विद्यमान हैं। लता-भूजलता रूप होने से। गुल्मः-नवीन वृक्ष रूप होने से। गोपतिः-पृथ्वी, स्वर्ग, यज्ञ और वेद के पति हैं। गङ्गा-पुण्य प्रवाह रूप हैं। यमुना रूपः—यमुना आपकी परम प्यारी है। गोदः-सरिद रूप पुण्य प्रवाह होने से। वेत्रवती-पापियों के हेतु आपने वेत्र धारण किया था॥ ५४॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

गो० ४५

कावेरी नर्मदा तापी गण्डकी सरयूस्तथा।
राजसस्तामसः३९०सत्वीसर्वांगी सर्वलोचनः।५५।

अर्थ—कावेरी, नर्मदा, तापी, गण्डकी सरयूः-इन सब नदियों के रूप में संसार में विद्यमान हैं। राजसः, तामसः, सत्वी-रजोगुण, तमोगुण, और सतोगुण इन तीनों गुणों से आप युक्त हैं। सर्वांगी—समस्त अङ्गों से पूर्ण हैं। सर्व लोचनः—प्राणीमात्र को देखते हैं॥ ५५॥

सुधामयोऽमृतमयो योगिनी वल्लभः शिवः।
बुद्धोबुद्धिमतांश्रेष्ठो विष्णुर्जिष्णुः४००शचीपतिः॥

अर्थ—सुधामयः, अमृतमयः—सुधामय तथा अमृतमय रूप होने से। योगिनी वल्लभः—चौसठ योगिनियों के भी प्यारे हैं। शिव—कल्याण रूप होने से। बुद्धः—प्रशस्त बुद्धि होने से। बुद्धि मतां श्रेष्ठः—बुद्धिमानों में सर्व श्रेष्ठ हैं। विष्णुः—सर्व व्यापक हैं। जिष्णुः—जयशील होने से। शची पतिः—इन्द्राणी के पति होने से॥ ५६॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

वंशी वंशधरो लोकोविलोकोमोहनाशनः ।
रवरावोरवोरावो ४१० वालोबाल बलाहकः ॥५७॥

अर्थ—वंशी—आपके पास वन्शी विद्यमान है। वन्शधरः—वन्शी धारण करने से। लोको विलोकः—समस्त संसार को कृपा पूर्वक देखते रहते हैं। मोहनाशनः—मोह का नाश करने वाले हैं। रवरावः—अपनी अपनी भाषा के अनुरूप उच्चारण करने से। रवः—सर्वज्ञ होने से। रावः—मल्हारादि राग रूप होने से। बालः—बाल रूप होने से। बाल बलाहकः—नवीन मेघ के समान जिनका वर्ण है॥ ५७॥

शिवोरुद्रो नलो नीलो लांगुली लांगला श्रयः ।
पारदः४२०पावनो हंसोहंसारूढोजगत्पतिः ॥५८॥

अर्थ—शिवः—भक्तों के कल्याण करने से। रुद्रः—पापियों को नरक में डाल कर डराने से। नलो, नीलः—रामावतार के समय नल, नील के रूप से समुद्र का पुल बांधा था। लांगुली—समुद्र के उल्लंघन में हनुमानजी को अति बल देने से।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

लांगलाश्रयः=हल धारण करने से । पारदः—संसार सागर से पार करने वाले । पावनः-अपने भक्तों को पवित्र करने वाले । हंसः=हंस की सी चाल चलने वाले । हंसारूढः=हंस पर सवारी करने वाले । जगत्पतिः=संसार के पति हैं ॥ ५८ ॥

मोहिनीमोहनो मायी महामायो महामखी ।
वृषोवृषाकपिः४३०कालः कालीदमनकारकः ।५९।

अर्थ—मोहिनी मोहनः=मोहिनी छवि भी जिनके रूप को देख कर मोहित हो जाती है । मायी=जगत को वस में रखने से । महामाया—जिनकी माया विशाल है । महामखी—बड़े बड़े यज्ञ करने वाले । वृषः=भक्तों को अभीष्ट फल देने वाले । वृषा कपिः=धर्म की वर्षा के हेतु असुरों को जीतकर पृथ्वी लाये । कालः=काल स्वरूप होने से । काली दमन कारकः=काली का घमण्ड नाश करने से ॥ ५९ ॥

कुब्जाभाग्यप्रदो वीरो रजकक्षयकारकः ।
कोमलो वारुणो राजा जलजो जलधारकः ॥ ६० ॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अर्थ—कुब्जा भाग्य प्रदः=कुब्जा का सौभाग्य बढ़ाने से। वीरः=विक्रमशाली होने से। रज कक्षयकारकः=कंस के धोबी को मारने से। कोमलः=मधुर मूर्ति धारण करने से। वारुणः=वरुण रूप होने से। राजा—अपनी असाधारण शोभा से शोभते हैं। जलजः=मत्स्य रूप धारण करने से। जलधारकः=शिवजी के रूप में गङ्गाजी को अपने मस्तक पर धारण करने से ॥ ६० ॥

४४० हारकः सर्वपापघ्नःपरमेष्ठी पितामहः।
खड्गधारी कृपाकारी राधारमण सुन्दरः ॥ ६१ ॥

अर्थ—हारकः=तीनों तापों के हरने से। सर्व पापघ्नः=संपूर्ण पापों का नाश करने से। परमेष्ठी=वैकुण्ठ लोक में रहने से। पितामहः=संसार के पितामह स्वरूप होने से। खड्गधारी=नन्दक खंग के धारण करने से। कृपाकारी=दीनों पर कृपा करने से। राधा रमण सुन्दरः=राधिकाजी के संग रमण करने में अति निपुण होने से ॥ ६१ ॥

द्वादशारण्यसंभोगी शेषनाग कृपालयः।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

कामःश्यामःसुखःश्रीदःश्रीपतिःश्रीनिधिःकृतिः ६२

अर्थ—द्वादशारण्य सम्भोगी=भद्रवन आदि बारह बनों में आपने गुप्त लीला की है। शेषनाग फणालयः—शेषनाग का फण आपका विश्राम स्थान है। कामः=अत्यन्त कमनीय हैं। श्यामः=श्याम वर्ण होने से। सुखः श्रीदः=सुख तथा धन के देने वाले हैं। श्रीपतिः=लक्ष्मी के पति हैं। श्रीनिधिः=लक्ष्मी के भण्डार हैं। कृतिः=सब कार्य करने में कुशल हैं॥ ६२॥

हरिर्हरो नरो नारो नरोत्तम ४६० इषुप्रियः।
गोपालीचित्तहर्ता च कर्ता संसारतारकः॥ ६३॥

अर्थ—हरिः=दुष्टों का नाश करने से। हरः=शंकर स्वरूप होने से। नरः=प्राणी मात्र में निवास करने से। नरोत्तमः=मनुष्यों में उत्तम होने से। इषुप्रियः=बाण विद्या अधिक प्रिय होने से। गोपाली चित हर्त्ता=गोपियों का चित्त हरण करने से। कर्त्ता=सब के आदि भूत कारण होने से। संसार तारकः=संसार से भक्तों का

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

उद्धार करते हैं ॥ ६३ ॥

आदिदेवो महादेवो गौरीगुरुरनाश्रयः ।
साधुर्मधु४७०र्विधुर्धाता भ्राताऽक्रूरपरायणः ॥ ६४ ॥

अर्थ—आदि देवः=आप ही सब देवों के आदि हैं। महादेवः=आप देवताओं के भी देवता हैं। गौरी गुरुः=शिवजी के रूप में पार्वती के पति होने से। अनाश्रयः-आपका और कोई आश्रय नहीं, आप ही सबके आश्रय हो। साधुः=भक्तों के अभीष्टों को साधने से। मधुः=लक्ष्मी के धारण करने से। विधुः=चन्द रूप होकर संसार में शीतल प्रकाश करने से। धाताः=विश्व का भरण पोषण करने से। भ्राता=सब को अपना जान कर रक्षा करते हैं। अक्रूर परायणः=अक्रूर के एक मात्र आधार होने से ॥ ६४ ॥

रोलम्बी च हयग्रीवो वानरारिर्वनाश्रयः ।
वनंवनी४८०र्वनाध्यक्षोमहावन्द्योमहामुनिः ॥ ६५ ॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अर्थ—शेलम्बी-भ्रमर से आपके केश हैं। हयग्रीवः=मधु कैटभ के मारने से। वानरारिः-वलभद्र रूप करके द्विविद बन्दर को मारने से। बनाश्रयः-वृन्दावन आपका स्थान है। वनम्-वृन्दावन रूप होने से। वनी-वन में विहार करने से। वनाध्यक्षः= बनों के अध्यक्ष होने से। महावन्धः=अपनी प्रतिज्ञा में बंधे रहने से। महामुनिः= व्यास रूप होने से ॥ ६५ ॥

स्यमन्तकमणिप्राज्ञो विज्ञो विघ्नविघातकः।
गोवर्द्धनो वर्द्धनीयो वर्द्धनी वर्द्धनप्रियः॥ ६६ ॥

अर्थ—स्यमन्तक मणि प्राज्ञः=स्यमन्तक मणि के प्रभाव को जानने से। विज्ञः- सबको जानने से। विघ्न विघातकः-सम्पूर्ण विघ्नों को नष्ट करने वाले हैं। गोवर्द्धनः- भार को उतार कर भूमि को बढ़ाने से। वर्द्धनीयः-सम्पूर्ण आपकी सेवा करें अतएव वर्द्धनशील होने से। वर्द्धनी वर्द्धन प्रियः-सम्पत्तियों का बढ़ाना आपको प्रिय है।६६।

वर्द्धन्यो४९०वर्द्धनोवर्द्धी वर्द्धिन्यः सुमुखप्रियः।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

वर्द्धितो वृद्धको वृद्धो वृन्दारकजनप्रियः ॥ ६७ ॥

अर्थ—वर्द्धन्यः—सब से पूजने के योग्य होने से। वर्द्धनः=जगत का विस्तार करने से। वर्द्धीः—वामन रूप धारण करके आपने फिर अपना देह बढाया। वर्द्धिन्यः-सब की वृद्धि में ही लगे रहने से। सुमुख प्रियः=आपका सुन्दर मुख सब को प्रिय लगता है। वर्द्धितः=यशोदा के स्तनपान से आप बढ़े। वृद्धकः=ज्ञान वृद्ध होने से। वृद्धः-ब्रह्मादिकों के भी पिता होने से। वृन्दारकजन प्रियः-देवताओं के प्रिय होने से ॥ ६७ ॥

गोपाल रमणीभर्ता साम्बकुष्ठ विनाशनः ५०० ।
रुक्मिणीहरणः प्रेम प्रेमी चंद्रावलीपतिः ॥ ६८ ॥

अर्थ—गोपाल रमणी भर्ता—गोपियों के पालन पोषण करने वाले। साम्बकुष्ठ विनाशनः—सांबकुष्ठ के विनाश कर्ता होने से। रुक्मिणी हरण प्रेमः=रुक्मणी हरण में आपकी प्रीति है। प्रेमी-भक्तों में आपकी प्रीति है। चन्द्रावली पतिः=चन्द्रावली के रक्षक हैं ॥ ६८ ॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

गो० ५३

श्रीकर्ताविश्वभर्ता च नरो नारायणो बली ।
गणोगणपति५१० श्चैवदत्तात्रेयोमहामुनिः ॥६९॥

अर्थ—श्रीकर्ता-संपत्ति के कर्ता होने से। विश्वभर्ताः-विश्व का पालन पोषण करने वाले। नरः—मनुष्य रूप होने से। नारायणः—सर्वान्तरयामी होने से। बलीः= बड़े शक्तिशाली हैं। गणः=सब समूहों में आपकी गिनती है। गणपतिः—समूहों के पति होने से। दत्तात्रेयः—सन्यासाश्रम प्रवर्तक होने से। महामुनिः-मुनि श्रेष्ठ होने से।६९।

व्यासो नारायणो दिव्यो भव्यो भावुकधारकः ।
श्वःश्रेयसं शिवं भद्रं५२० भावुकंभविकंशुभम्।७०।

अर्थ—व्यासः—व्यासावतार धारण करने से। नारायणः—जल में निवास स्थान होने से। दिव्यः—स्वर्ग में विचरने वाले। भव्यः—अति सुन्दर होने से। भावुक धारकः—मन्वादि रूप करके कर्म की व्यवस्था स्थापन करने से। श्वः—स्वर्ग अपवर्ग रूप होने से। श्रेयसं-मङ्गल मय होने से। शिवम्-मोक्ष और सुख स्वरूप होने से।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

भद्रं—मङ्गल स्वरूप होने से। भावुकं-सब को उत्पन्न करने से। भविकं—सब आप से उत्पन्न होते हैं। शुभम्-आप ही सब के शुभ कर्त्ता हैं ॥ ७० ॥

शुभात्मकः शुभः शास्ता प्रशास्ता मेघनादहा ।
ब्रह्मण्य देवो दीनानामुद्धारकरणक्षमः ॥ ७१ ॥

अर्थ—शुभात्मकः—आपकी आत्मा मंगलकारी है। शुभः—शुभ स्वरूप होने से। शास्ता—शास्त्र द्वारा सब के शिक्षक होने से। प्रशास्ता—सब से स्तुति करने के योग्य हैं। मेघनादहा—लक्ष्मण रूप द्वारा मेघनाद को मारने से। ब्रह्मण्यदेवः—ब्राह्मणों के हितकारी आप देव हैं। दीनानामुद्धार करणक्षमः—दीनों का उद्धार करने के योग्य हैं तथा श्रम रहित हैं ॥ ७१ ॥

५२० कृष्णः कमलपत्राक्षः कृष्णः कमललोचनः ।
कृष्णः कामीसदाकृष्णःसमस्त प्रियकारकः ॥७२॥

अर्थ—कृष्णः—परब्रह्म सब के आधार होने से। कमल पत्राक्षः—कमल से शीतल

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

नेत्र होने से। ...

गो० ५७

नेत्र होने से। कृष्णः=भक्तों का पापनाश करने से। कमल लोचनः=शीतल कमल सदृश नेत्र होने से। कृष्णः=श्याम वर्ण होने से। कामी-सबकी अभिलाषाओं को पूर्ण करने से। सदा कृष्णः=सदा कृष्ण रूप रहने से। समस्त प्रिय कारकः=सब को प्रिय करने से॥ ७२॥

नंदो नंदी५४०महानंदी मादी मादनकः किली।
मिलीहिलीगिल्लीगोलीगोलोगोलालयोगुली॥७३॥

अर्थ—नन्दः=संसार में शुभ के बढ़ाने से। नन्दी=आनन्द मय होने से। महानन्दी=अत्यन्त आनन्दमय होने से। मादी=असज्जनों को विद्या धन कीर्ति से मद कराते हो, और स्वजनों को हर्ष कराते हो। मादनकः—इस वाक्य से आपका गान किया जाता है। किली=विश्व सर्ग विसर्ग में आप क्रीडा करें। मिली-गोप वधू और भक्त जन से मिलते हो। हिली-गोपियों के संग नृत्य करने का शील है। गिली-गोपियों के दिये हुए नवनीत आदि भोजन करने से। गोली-गोप बालाओं के संग में क्रीडा करने से। गोलः—गोपाल वेश धारण करने से। गोलालयः-गो लोक

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

में निवास करने से। गुली-अपने भक्तजन की रक्षा करने से ॥ ७३ ॥

गुग्गुली मारकी शाखी वटः पिप्पलकः क्रती।
म्लेच्छहा कालहर्ता च यशोदायश एव च५६०।७४।

अर्थ—गुग्गुलीः-गुग्गुल आपके सूंघने के हेतु अति प्रिय है। मारकी-कामदेव के मारने वाले हैं। शाखी-वेद रूप शाखा होने से। वटः-अपनी शक्ति में सब को लपेटे रहने से। पिप्पलकः-वृक्षों में पीपल आपकी विभूति है। क्रती-सर्व यज्ञादिकों के करने से। म्लेच्छहा-म्लेच्छों के नाश कर्ता कल्क्यावतार हो। काल हर्ता-काल के नाश कर्ता होने से। यशोदायश:-यशोदा के सौभाग्य रूप होने से ॥ ७४ ॥

अच्युतः केशवो विष्णुर्हरिः सत्यो जनार्दनः।
हंसो नारायणोलीलोनीलो५७०भक्तिपरायणः ७५

अर्थ—अच्युतः-उत्पत्यादि विकार रहित होने से। केशवः-सूर्यादि संक्रान्तों के अंदर विद्यमान होने से। [illegible] हरिः भक्तों

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

गो० ५७

के पाप हरने से । सत्यः—सत्य प्रतिज्ञ होने से । जनार्दनः—भक्तों को प्रसन्न करने से । हंसः—मुक्ति आप से प्राप्त हो सकती है । नारायणः—जीव समूहों के प्रवर्तक होने से । लीलः=लीलामय होने से । नीलः=श्याम शरीर होने से । भक्ति परायणः=केवल भक्ति ही आपकी प्राप्ति का साधन है ॥ ७५ ॥

जानकी वल्लभो रामो विरामो विघ्ननाशनः ।
सहस्रांशुर्महाभानु र्वीरबाहुर्महोदधिः ॥ ७६ ॥

अर्थ—जानकी वल्लभः=सीताजी के प्राणप्रिय होने से । रामः=सब के भीतर रमण करने से । विरामः=सब चराचर के आप अवधि रूप हैं । विघ्ननाशनः=सब विघ्नों को नाश करने वाले हैं । सहस्रांशुः=सूर्य रूप में संसार को प्रकाशित करने से । महाभानुः=अत्यन्त प्रकाशमान होने से, अथवा सूर्य के सदृश गर्मी पहुंचाने से । वीर वाहुः=भुजाओं में अपरमित बल होने से । महोदधिः=जल को धारण करने से ॥ ७६ ॥

समुद्रो ५८०ऽब्धिरकूपारः पारावारः सरित्पतिः ।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

गोकुलानंदकारी च प्रतिज्ञापरिपालकः ॥ ७७ ॥

अर्थ—समुद्रः=लक्ष्मी सहित शोभायमान होने से। अब्धिः—श्रुति कहती है तालाबों में समुद्र हूँ इस कारण आप सागर रूप हैं। अकूपारः—कूर्मावतार धारण करने से। पारावारः—जगत में आप व्यापक हैं। सरित्पतिः=समुद्र रूप नदियों के पति होने से। गोकुलानन्दकारी=गौओं को आनन्द देने से। प्रतिज्ञा परि पालकः= अपनी प्रतिज्ञा को पूरी करने वाले हैं ॥ ७७ ॥

सदारामः कृपारामो महारामो धनुर्धरः ५६० ।
पर्वतः पर्वताकारो गयोगेयो द्विजप्रियः ॥ ७८ ॥

अर्थ—सदारामः=साधुओं के विश्राम स्थान होने से। कृपारामः=भक्तों के हृदय में कृपा पूर्वक रमण करने से। महारामः=भक्तों के मन के विहार करने के लिए आप आराम स्थल हैं। धनुर्धरः=धनुष धारी होने से। पर्वतः-पूर्ण रूप होने से, अथवा सब जगह जाने से। पर्वताकारः=गोवर्द्धन रूप होने से। गयः=भक्तों के

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

गायन स्थान में सदा विद्यमान रहने से। गेयः=गाने के योग्य होने से। द्विज प्रियः-द्विज आपको प्रिय हैं ॥ ७८ ॥

कम्वलाश्वतरो रामो रामायण प्रवर्तकः।
द्यौर्दिवो६००दिवसोदि०व्योभ०व्योभाविभयापहः७९

अर्थ—कम्वलाश्वतरः=कामनीय उच्चश्रवा आपका है। राम=कर्म फल के देने हारे तथा सर्वज्ञ होने से। रामायण प्रवर्तकः=वालमीक द्वारा रामायण के प्रवतक होने से। द्यौ=आकाश की तरह सब जगह व्यापक होने से। दिवः=आकाश आप से उत्पन्न है। दिवसः—सबके प्रकाशक होने से। दिव्यः=सब से स्तुति के योग्य हो। भव्यः-सदा एक रस रहने से। भावि भया पहः-भक्तों के सांसारिक भय के दूर करने से ॥ ७९ ॥

पार्वतीभाग्यसहितो भ्राता लक्ष्मीविलासवान्।
विलासीसाहसीसर्वी६१०गर्वीगर्वितलोचनः ॥८०॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अर्थ—पार्वती भाग्य सहितः=पार्वती के सौभाग्य सहित हो। भ्राता=सब के बन्धु स्वरूप होने से। लक्ष्मी विलासवान्-लक्ष्मी के संग विलास करते हो। विलासी-अत्यन्त विलास प्रिय होने से साहसी-साहसी होने से। सर्वी-वस्तु मात्र आपकी है। गर्वी-स्वाभिमानी होने से। गर्वित लोचनः=आपकी आंखें गर्वित हैं॥ ८० ॥

मुरारिर्लोकधर्मज्ञो जीवनोजीवनांतकः ।
यमोयमादिर्यमनोयामी६२०यामविधायकः॥८१॥

अर्थ—मुरारिः-मुर नाम राक्षस के वैरी होने से। लोक धर्मज्ञः-वर्णाश्रम धर्म के ज्ञाता होने से। जीवनः=सम्पूर्ण लोक के जीवनाधार होने से। जीवनान्तकः=काल स्वरूप होकर जीवों के प्राण का अन्त करते हो। यमः=यम रूप होने से। यमादिः-यम के भी विधाता होने से। यमनः=भक्तों को आप सब कृत्यों से उदासीनता द्वारा उपराम कराते हो। यामी-उपराम आपका है। याम विधायकः=भक्तों में उपराम विधान करने से॥ ८१ ॥

वंसली पांसली पांसुः पाण्डुरर्जुनवल्लभः।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

ललिताचन्द्रिकामाली मालीमालाम्बुजाश्रयः ।८२।

अर्थ—वंसुली:=वेणु के बजाने से । पांसुली:=आप के सुन्दर रूप को देख कर साध्वी का चित्त भी चलायमान हो जाता है । पांसुः-भक्त विरोधियों का नाश करने से । पांडु:=सर्वज्ञ होने से । अर्जुन वल्लभः-अर्जुन के मित्र होने से । ललिता चन्द्रिका माली-भक्तों को आनन्द देने वाली वैजयन्ती माला धारण करने से । माली-अत्यन्त शोभायमान होने से । मालांबुजाश्रयः=कमल से ग्रथित माला धारण करने से ॥ ८२ ॥

अम्बुजाक्षो ६३० महायक्षोदक्षश्चिंतामणिः प्रभुः ।
मणिर्दिनमणिश्चैव केदारो बदरीश्रयः ॥ ८३ ॥

अर्थ—अम्बुजाक्षः-कमलवत् नेत्र होने से । महायक्षः-सर्व पूज्य होने से । दक्षः=विश्व के वर्द्धन और नाश करने से । चिन्तामणि:=भक्तों के मनोरथ पूरे करने से । प्रभुः=सब के अधिपति होने से । मणि:=सबसे श्रेष्ठ होने से । दिन मणि-

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

सूर्य की तरह सब को प्रकाशमान् करने से। केदारः=समुद्र में शंखासुर के नाश करने से। बदरीश्रयः=बद्रिकाश्रम में निवास करने से ॥ ८३ ॥

बदरीवनसंप्रीतो व्यासः सत्यवतीसुतः ६४० ।
अमरारिनिहंता च सुधासिन्धुविधूदयः ॥ ८४ ॥

